संक्षिप्त

प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोटपूतली। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में राज्य के साथ-साथ जिले, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक आगामी 7 नवम्बर 2025 से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर दायित्व सौंपे एवं दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, महाविद्यालय, कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, पुलिस एवं आरएसी के जवान, सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर भव्य 'वंदे मातरम गायन, तिरंगा झंडों का वितरण, स्कूल, पुलिस बैंड प्रस्तुतियाँ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों व आम नागरिकों द्वारा देशभक्ति के माहौल में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ 'वंदे मातरम' गायन का ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। कला प्रदर्शनियों के माध्यम से 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक स्वरूप में मनाया जाएगा। ा प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। एलईडी स्क्रीन, होर्डिंग्स, एवं विज्ञापन स्थलों पर वंदे मातरम150 प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इनके माध्यम से 'वंदे मातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका और राष्ट्रीय एकता के संदेश को प्रस्तुत किया जाएगा।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत : कलेक्टर

टोंक। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका तथा मुख्य वक्ता प्रो. विकास नौटियाल तथा अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. लोकेष कुमार शर्मा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने जनजातीय समाज को जागरूक कर आत्मसम्मान और स्वाभिमान के मार्ग पर अग्रसर किया। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। विशिष्ट अतिथि परशुराम धानका बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा जी जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए देश की उन्नति में अपनी अहम भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने आजादी के आंदोलन में बिरसा मुंडा जी योगदान पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. विकास नौटियाल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय विद्रोहों की भूमिका एवं जनजाति समुदायों के नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता के आदिवासी नायकों में से एक हैं जिन्होंने अपने अल्प जीवन में अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी और आदिवासी अस्मिता को नई दिशा दी। बिरसा का आंदोलन सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक चेतना का प्रतीक था। सांस्कृतिक अस्मिता के क्षरण एवं पर्यावरणीय संकट के इस दौर में बिरसा मुंडा का जीवन दर्शन हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय में आयोजित भाषण, निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

'सीएम शर्मा के नेतृत्व में कीर्तिमान स्थापित'

भरतपुर (निस)। राजस्थान वर्ष 2024-25 के दौरान 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में पहला स्थान प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल रहा है। यह सब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और सुशासन का परिणाम है। इसके एवज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर में जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर एक-दूसरे को बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिन्दाबाद के नारों से जयघोष किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान के पहला स्थान प्राप्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का आलम है। अंगदान को बढावा देने तथा अंग प्रत्यारोपण में उभरते हुए राज्य के रूप में राजस्थान को वर्ष 2025 के लिए प्रथम स्थान के साथ ही राष्ट्रीय पुरूस्कार से नवाजा गया है।

ऑनलाइन ठगी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने साईबर फ्रोड हेतु किराये के खाते उपलब्ध कराने के लिये बना रखा था नेटवर्क

कोटपूतली। जिले की साईबर सैल व साईबर क्राईम थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये ऑनलाईन ठगी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी ने साईबर फ्रोड हेतु किराये के खाते उपलब्ध कराने के लिये नेटवर्क बना रखा था।

एसपी देवेन्द्र कुमार बिष्नोई ने बताया कि पुलिस महानिदेशक साईबर क्राईम द्वारा साईबर अपराधों के रोकथाम एवं साईबर अपराध प्रकरणों एवं परिवादों के त्वरित निस्तारण एवं जागरुकता के प्रसार हेतु साईबर अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में साईबर अपराधों का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है तथा राज्य सरकार भी साईबर अपराधों के रोकथाम हेतु काफी गंभीर है। अभियान के तहत एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क व साईबर सैल प्रभारी संदीप की टीम का गठन किया गया।

पीड़ित ग्राम कुनेड़ निवासी राजेन्द्र ने बताया कि मैं बेरोजगार होने के कारण रोजगार की तलाश कर रहा था। इसलिये मेरा आईसीआईसीआई बैंक पावटा के पास मेरा आना-जाना था। जहां मेरी जान पहचान लालचंद गुर्जर से हुई तो मैंने उसको दुकान खोलने की बात बोली कि मेरे को मोबाईल रिपेयरिंग की दुकान खोलनी हैं लेकिन मेरे पास रुपये नहीं है तो उसने बताया कि मैं तुझे लोन दिलवा दूंगा तु जीएसटी बनवा ले। उसने मेरे को जैसे-जैसे कहा और जहां के लिये कहा वहां मैंने अकाउंट खुलवाया और उसने ऑनलाईन नेटबैंकिंग के लिये बोला तब जाकर मैं उसके साथ बैंक जाकर केनरा बैंक पावटा में ऑनलाईन बैंकिंग ली और उसने कहा कि सब्सिडी पर लोन लेने के लिये इसमें ट्रांजैक्शन करवाने पड़ेंगे फिर तेरा लोन होगा इसके लिए तेरी सिम मुझे देनी होगी और ऑनलाईन बैंकिंग भी तो मैंने उसे बोला कि मैं सिम तो नहीं दूंगा तो कहा कि तुझे तेरी सिम तो दो-तीन दिन में दे दूंगा और लोन भी करवा दूंगा। उसने सिम ले जाने के बाद दूसरे दिन मेरे पास बैंक वाले आये कि आपके अकाउंट में एक-दो दिन में इतना ट्रांजैक्शन हो गया फिर मैंने कहा कि कितना हो गया। जिस पर मैं बैंक जाकर प्रार्थना पत्र देकर मेरा अकाउंट बंद करवा दिया। मेरे साथ हुए इस लेनदेन और सब्सिडी पर लोन कराने के लिये विष्वासघात कर मेरे से सब्सिडी दिलाने के बहाने से खाता लेकर करीब 06 करोड़ 50 लाख रुपये का अवैध लेनदेन कर लिया। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित साईबर पुलिस पोर्टल के अनुसार जिलों में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा जारी किये गये संदिग्ध बैंक खाता (म्युल अकाउन्ट) एवं पीओएस कि सुची प्राप्त की। उक्त बैंक खातों के संबध में राष्ट्रीय साईबर अपराध रिपोर्टिक पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायते दर्ज हैं जिस पर बैंक खातों के खातधारकों की बैंक से डिटेल प्राप्त कि गई। विभिन्न शिकायतां में बैंक द्वारा जारी संदिग्ध बैंक खाताधारकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये लालचंद (24) पुत्र चिरंजीलाल गुर्जर निवासी टोरडा रामपुरा थाना प्रागपुरा हाल निवासी नागाजी की गौर कोटपूतली को गिरफ्तार किया गया।

पुछताछ में सामने आया कि मुल्जिम लांलचंद टेलीग्राम के द्वारा अंकित व उसके दोस्तों जिनका नाम गोटी व यादव बताये जिनसे उदयपुर जाकर होटल में मिलना बताया जो चाईनीज फ्रोडस्टरों से टेलीग्राम के मार्फत फ्रोड को अजांम देते हैं। उक्त फ्रोडस्टर केवल टेलीग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर आपस में संपर्क करते है व फ्रोड का पैसा यूएसडीटी में लेते हैं।

घर-घर पहुंचे बीएलओ

- जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला नर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया
- बीएलओ की हाउस-टू-हाउस विजिट एवं मैपिंग कार्य की ली जानकारी

कोटपूतली-बहरोड। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 शुरू हो गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को परिगणना प्रपत्र वितरित कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के पहले दिन दौरा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ के हाउस-टू-हाउस विजिट, गणना प्रपत्र वितरण एवं बीएलओ एप में मतदाताओं की मैपिंग की स्थिति का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बहरोड़ विधानसभा में विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ से एसआईर गतिविधियों एवं परिगणना प्रपत्र वितरण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और मतदाताओं से भी संवाद किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता से यह जानकारी ली जाए कि वह पूर्व में कहां निवास करता था। यदि उसका पुराना ईपिक नंबर उपलब्ध है तो उसके आधार पर नाम तलाश कर मैपिंग की जाए। जिन मतदाताओं का ईपिक नंबर नहीं है, उनके पुराने निवास स्थान की जानकारी लेकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची से नाम ढूंढा जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे उनके या उनके माता-पिता के वर्ष 2002 में निवास स्थान की जानकारी लेकर मैपिंग सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा किया जाए। फील्ड में फार्म वितरण को गति दी जाए तथा इस कार्य में वॉलंटियर्स की सहायता ली जाए।

प्रत्येक ऐसे मतदान केंद्र जहां मैपिंग कम है, वहां प्रशिक्षित वॉलंटियर्स लगाए जाएं जो वर्ष 2002 की सूची से नाम तलाशने में सहयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी घर पर मतदाता अनुपस्थित पाया जाए, तो संबंधित बीएलओ कम से कम तीन बार भ्रमण कर परिगणना प्रपत्र उपलब्ध करवाएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग दिशा-निर्देश से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत जिन मतदाताओं का नाम वर्तमान मतदाता सूची में शामिल है उन सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण करने एवं संठाहित किये जाने का कार्य आगामी 4 दिसंम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा किया जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित राजनीतिक दलों से समन्वय कर मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलए को बीएलओ की सहायतार्थ लगवाएं. ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को एसआईआर कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाए साथ ही अर्बन क्षेत्र में मैपिंग के कार्य में गति लाई जाए।

भाषण प्रतियोगिता में विनीता शर्मा प्रथम

कोटपूतली। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में 1 से 15 नवम्बर तक मनाए जा रहे "जनजातीय गौरव वर्ष" के अंतर्गत बुधवार को राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय कोटपुतली में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने आदिवासी समाज के उत्थान में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं संघर्ष के बारे में बताते हुए नवयुवकों को प्रेरणा लेने के प्रोत्साहित किया।

भाषण प्रतियोगिता में विनीता शर्मा प्रथम, काजल गुप्ता द्वितीय एवं साक्षी जांगिड़ तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में काजल गुप्ता प्रथम, पूजा गुर्जर द्वितीय एवं साक्षी जांगिड़ तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सत्यवीर सिंह एवं प्रोफेसर माधुरी गंगावत शामिल रहे।

खैरथल में बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया

खैरथल। खैरथल-तिजारा जिले में मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की औपचारिक शुरुआत की गई। अभियान के प्रथम चरण में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने का कार्य प्रारंभ किया गया। यह अभियान आगामी एक माह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके मतदाता विवरण का सत्यापन एवं अद्यतन किया जाएगा।

अभियान के प्रथम दिन मंगलवार को किशनगढ़-बास विधानसभा क्षेत्र में 1139, तिजारा विधानसभा क्षेत्र में 984 तथा मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में 303 गणना प्रपत्र वितरित किए गए। इस प्रकार जिले में पहले दिन कुल 2426 गणना प्रपत्र घर-घर पहुंचाए गए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ तथा मतदाताओं से संवाद किया और अभियान के उद्देश्य एवं महत्व को बताया।

बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया।

उन्होंने इस दौरान मतदाताओं को अपने-अपने विवरण सही-सही भरकर बीएलओ को समय पर जमा कराने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भरने को प्राथमिकता दें, जिससे प्रक्रिया और अधिक सहज एवं पारदर्शी बन सके। इस विशेष अभियान का लक्ष्य मतदाता सूची को पूर्ण रूप से अद्यतन, सटीक एवं त्रुटि रहित बनाना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का सुगमता से उपयोग करने का अवसर मिल सके।

तीर्थ यात्रा ट्रेन रवाना

भरतपुर (निस)। राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत मंगलवार को भरतपुर से द्वारका-सोमनाथ वाया खातीपुरा जयपुर एवं अजमेर के लिए विशेष रेलगाडी को रवाना किया गया। इस विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन को अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा एवं जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने भरतपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन के लोको पायलट व गार्ड को माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामना देते हुए रवाना किया।

अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक प्रेरणादायक और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन का अवसर पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हो सके। उन्होंने यात्रियों से संवाद करते हुए उनके यात्रा अनुभव एवं सुझावों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और उनके परिजनों में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल देखा गया।

खोया पाया

जेडीए योजना गगन विहार, मौजमाबाद के भूखण्ड संख्याः 433 का ऑरिजिनल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें: गणेश नारायण जाट पुत्र कल्याण राम, 7014681260

प्लॉट नं. 436, जेडीए योजना गगन विहार, मौजमाबाद का ऑरिजिनल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें: पूजा पुत्री स्व. गुलाब रॉय, 9610883578

प्लॉट नं. 210, जेडीए योजना रामचन्द्र विहार का ऑरिजिनल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें: राजू मोहम्मद पुत्र मुन्नवर मोहम्मद, 9414349497

जेडीए स्कीम, देव विहार, जयपुर के भूखण्ड संख्याः जी-154 का ऑरिजिनल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें: पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री देवीराम, 9887228020

मै, श्रीजिला पत्नी सूबेदार मेजर एसीके प्रजीत कुमार, निवासी गांव-अयानचेरी, पोस्ट-कदामेरी, तह.-वडागरा, जिला-कोझिकोड (केरल)। मेरे पति के सेवा दस्तावेज़ में मेरा नाम गलती से श्रीजिला के बजाय श्रीजिला प्रजीत दर्ज कर दिया गया है। मेरे दस्तावेज़ों यानी आधार और पैन कार्ड के अनुसार।

मेरे मकान संख्या-105/40, विजय पथ, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर संबंधित संशोधित आवंटन पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, Declaration cum Possession Letter विजय पथ मानसरोवर में गिर गए है जिसे मिले सूचित करें- 9680694563

मेरे मकान 9/57 का मूल डिक्लेरेशन लेटर मालवीय नगर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें आंचल मांनसिंघानी 8955776141

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर की आवासीय योजना-रोहिणी एन्क्लेव जयपुर के प्लाट नम्बर जी-116 का मूल आवंटन सह मांग पत्र, कब्जा पत्र, समस्त जेडीए पट्टा व रसीदें कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। सुन्दर लाल सैनी मो. 8003677936

ALL THE ORIGINAL DOCUMENTS PERTAINING TO MY FLAT NUMBER 15/39 (THIRD FLOOR), MALVIYA NAGAR, JAIPUR, INCLUDING THE ALLOTMENT LETTER, POSSESSION CERTIFICATE, UNREGISTERED SALE DOCUMENTS, REGULARIZATION APPLICATION FORM SUBMISSION RECEIPT, DEPOSIT RECEIPTS, REGULARIZATION AND NO-DUES CERTIFICATE, PERPETUAL LEASE DEED, CONVEYANCE DEED, ALLOTTEE DOCUMENTS, ETC., HAVE BEEN LOST/MISPLACED. PLEASE INFORM ME IF FOUND. Tapati Roy 9571859996

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम रोशनी से बदलकर रोशनी मिश्रा कर लिया है, रोशनी मिश्रा पत्नी श्री दिनेश कुमार यादव निवासी- ए-19, श्याम वाटिका, मान्यावास, मानसरोवर, जयपुर-302020, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांकः8304 जाहिर आम-सूचना दिनांकः04.11.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 34/312 (MIG-B) का आवंटन श्री प्रवीण कुमार मल्होत्रा एवं श्रीमती नीलम मल्होत्रा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5105 दिनांक 04.03.2004 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 24.06.2004 को प्राप्त किया गया। श्री प्रवीण कुमार मल्होत्रा की मृत्यु दिनांक 08.04.2020 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती नीलम मल्होत्रा पत्नी स्व. श्री प्रवीण कुमार मल्होत्रा द्वारा आवासन मण्डल मे सम्पूर्ण आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त सम्पूर्ण आवास / फ्लैट का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती नीलम मल्होत्रा पत्नी स्व. श्री प्रवीण कुमार मल्होत्रा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती ग्यारसी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री नन्दलाल वर्मा के स्वामित्व एवं अधिकार की स्वअर्जित सम्पत्ति प्लॉट नम्बर- 75, जनक विहार, सिरसी रोड, पाध्याबाला, जयपुर के सम्बन्ध मे एक फजीकृत वसीयत दिनांक 29/01/2021 को मैने अपने तीनों पुत्रों कमेश, सुनील कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार के हक मे संयुक्त रूप से कर दी है। मेरा सबसे बड़ा पुत्र अनिल कुमार अपने परिवार के साथ मुझसे करीब 30 वर्षो से अलग निवास कर रहा है, अनिल कुमार अपने पुत्रधर्म दायित्वो को निर्वहन भी नही करता साथ ही मुझसे मेरी स्वअर्जित उपरोक्त सम्पत्ति हथियाने के लिए लड़ाई झगड़ा, गाली गलौच करता है। मेरा पुत्र अनिल कुमार व उसकी पत्नी मीना व उसका पुत्र आदित्य, अनिकेत एवं पुत्री इनू से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही है, मैं उसे व उसके परिवार के सदस्यों को अपनी उपरोक्त अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उसके किसी भी सव्यवहार व कृत्य के लिए किसी भी प्रकार से मेरी अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी व जवाब देही नही होगी। सूचित रहें।

(अंकित शर्मा)
एडवोकेट मो.नं.-9782214279

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जे.डी.ए. की प्लाट न. 71, मदरामपुरा, तह. सांगानेर, जिला जयपुर (राज.) का मूल आवंटन पत्र न. जे.वी.प्रा. / उपा/Zone-11/2013/डी-4323 दिनांक 04.12.2014 जो कि कृष्णा देवी पत्नी श्री विनोद कुमार के नाम से है, वो खो गया है जिसकी पुलिस रिपोर्ट LR No 2945283/2025 दिनांक 04.11.2025 को दर्ज करा दी गयी है उक्त सम्पति के लिये श्री नोशाद खान पुत्र श्री मुराद खान ने SBI बैंक में ऋण हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई एतराज या आपति हो तो आज से 7 दिवस के अन्दर संपर्क करें मूल आवंटन पत्र मिलने पर सूचित करें। पुष्पेन्द्र कुमार/नोशाद खान
Mo. No.: 8949305704, 9588205515

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक 8305 जाहिर आम-सूचना दिनांक-04.11.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 114/136 (LIG) का आवंटन श्रीमती माया मेघानी पत्नी श्री आइल दास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4030 दिनांक 19.03.1997 को जारी किया गया था। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 01.07.2013 को कर दिया गया। श्रीमती माया मेघानी द्वारा श्री कमलेश गुप्ता पुत्र श्री बाबू लाल गुप्ता को दिनांक 01.07.2013 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री कमलेश गुप्ता द्वारा मुख्यारआम की हैसियत से उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री शिव प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री नन्द लाल शर्मा को दिनांक 05.02.2014 को उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री शिव प्रसाद शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 22.04.2016 को श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगन प्रसाद शर्मा को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगन प्रसाद शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगन प्रसाद शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल,जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 91/2025

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पंजीकृत प्रन्यास श्री दाधीच समाज सेवा समिति ट्रस्ट प्लाट नं.82 गायत्री नगर-ए महारानी फार्म दुर्गापुरा जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 80 जयपुर 2022 है के सम्बन्ध मे राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत श्री विजयकृष्ण दाधीच उपाध्यक्ष, श्री अशोक कुमार शर्मा महासचिव, श्री राधेश्याम सदस्य, जितेन्द्र कुमार दाधीच कोषाध्यक्ष द्वारा पद से त्याग पत्र देने के कारण उनके नाम प्रन्यास रिकार्ड से हटाने तथा श्री वेद प्रकाश दाधीच, श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा श्री रामचन्द्र दायमा श्री घनश्याम सूंठवाला का नवीन प्रन्यासी/सदस्य नियुक्त कर उनके नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख कराये जाने हेतु निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध मे आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 29.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 3.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)

नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106, राज.
फोनः 01421-294619, Email.Id: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./2025-26 / भूमि /915 **आपत्ती आमंत्रण सूचना** दिनांक. 03.11.2025

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क / स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	प्रयोजनार्थ
1.	श्री महेश बंसल पुत्र श्री दामोदर, शिवचरण बसल पुत्र श्री नाथूलाल	1190	पावटा	2879.65	आवासीय

(फतेह सिंह मीणा)
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

The Rajasthan State Co-operative Bank Ltd.
DC-1, Opposite Nehru Balodyan, Tonk Road, Jaipur, Ph.: 0141-2744814

Tender Notice No. RSCB/Purchase/25-26/05

Online tenders are